

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का मध्य विधानसभा क्षेत्र के अरेरा मंडल अंतर्गत बूथ क्रमांक 176 पर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के कुली भाइयों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजगोपाल लोया एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

# ट्रेजर हंट कार रैली में पहेलियों के साथ खोजे पर्यटन स्थल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर रविवार को भोपाल सिटी लाइव एवं मध्यप्रदेश पर्यटन के सहयोग से मिंटो हॉल में ट्रेजर हंट कार रैली के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य रोमांच और पहेलियों के माध्यम से प्रतिभागियों को भोपाल एवं मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों से जोड़ना तथा पर्यटन को नए और मनोरंजक अंदाज में अनुभव कराने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह जुम्बा सत्र से हुई। इसके बाद प्रतिभागियों को रैली की प्रक्रिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। मिंटो हॉल से



कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर विशेष अतिथि एक्सिलेंसी टाइम एंटरटेनमेंट के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया मौजूद रहे। इस दौरान राकेश मलिक, आकाश मलिक, मध्यप्रदेश पर्यटन की नीलम रावत, पुलिस अधीक्षक रेडियो शशांक गर्ग, राहुल कोठारी और रैली के संयोजक आनंद शर्मा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। रैली के दौरान प्रतिभागियों को मध्यप्रदेश पर्यटन से जुड़े विभिन्न स्थलों तक पहुंचने के लिए संकेत और पहेलियां दी गईं। प्रतिभागियों ने टीम भावना के साथ पहेलियों को हल करते हुए विभिन्न पर्यटन स्थलों की खोज की। तकनीकी संचालन जीनियस ग्रुप के नीरज गुलाटी ने संभाला, जबकि कार्यक्रम का प्रबंधन इवेंट ट्री की कल्पना दिलौरी ने किया।

रैली में गरिमा निचलानी और अमित अग्रवाल संयुक्त विजेता रहे। उन्हें 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। सागर मेघानी को तृतीय स्थान पर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। रैली में संकेतों को समझना, सीमित समय में पहेलियां हल करना और टीमवर्क के साथ सही स्थान तक पहुंचना प्रमुख चुनौती रही।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानव संसाधन प्रबंधन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय के प्रबंध संकाय में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ट्रांसफॉर्मिंग द फ्यूचर ऑफ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा के कुलगुरु प्रो. करुणेश सक्सेना रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. सुनील तिवारी और अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में आईईपीआर के निदेशक प्रो. अमरजीत सिंह खालसा ने संबोधित किया।

संगोष्ठी में दो तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की प्रो. निशा सिद्दीकी और माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय की प्रो. कंचन भाटिया विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहीं। द्वितीय सत्र में औद्योगिक विशेषज्ञ डॉ. रिचा तिवारी, तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. गगन शर्मा और प्रो. अमित गुप्ता ने सहभागिता की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. एपी सिंह, सैफिया महाविद्यालय, रहे। संगोष्ठी का समन्वय प्रबंध संकाय के डीन प्रो. सतेन्द्र ठाकुर ने किया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. अनूप जे. कात्यान, प्रबंध निदेशक डॉ. बीएन सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील पाटिल और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. रत्नेश कुमार जैन उपस्थित रहे।

कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर ने संगोष्ठी के सफल आयोजन पर बधाई दी।

## गौहर महल में स्टेट हैंडलूम एक्सपो आज से, 16 राज्यों के बुनकर होंगे शामिल

**नप्र, भोपाल :** विकास आयुक्त (हाथकरघा), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, मध्य प्रदेश शासन तथा संत रविदास मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में 28 सितंबर से 11 अक्टूबर तक गौहर महल में स्टेट हैंडलूम एक्सपो-2026 का आयोजन किया जाएगा। एक्सपो में विभिन्न राज्यों के उत्कृष्ट हाथकरघा उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे।

एक्सपो प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि इसमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, गुजरात, तेलंगाना, महाराष्ट्र, झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के शिल्पी शामिल होंगे। कुल 50 से 65 बुनकर शिल्पी अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शनी में पश्चिम बंगाल की बालूचरी साड़ियां, छत्तीसगढ़ की कोसा व टसर, गुजरात की पटोला, कर्नाटक की मैसूर सिल्क सहित विभिन्न राज्यों के हाथकरघा उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। मध्य प्रदेश की चंदेरी, महेश्वरी, सौसर की कॉटन तथा वारासिवनी की कोसा साड़ियां और सूट सामग्री विशेष आकर्षण होंगी। एक्सपो प्रतिदिन दोपहर 12 से रात 9 बजे तक खुला रहेगा।

# सेवा संकल्प अभियान में सही पोषण का संदेश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** आंगन मिलन सेवा के तहत परियोजना बाणगंगा में पोषण माह के दौरान संवाद एवं सहभागिता बढ़ाने वाली गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सभी ने तन्मयता से सुनी।

महिला एवं बाल विकास विभाग तथा उदय संस्था द्वारा नेहरू नगर आंगनवाड़ी क्रमांक 1061 में सेवा संकल्प अभियान के तहत उत्सव मनाया गया। इस दौरान पोषण मटके एवं विभिन्न पौष्टिक आहार के माध्यम से पोषण के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुपरवाइजर नीलम शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, महिलाएं, धात्री माताएं, बच्चे, जनप्रतिनिधि एवं उदय संस्था से शीतल सहित 75 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल और रैली आज

**नप्र, भोपाल :** राजधानी के हजारों बैंक कर्मचारी और अधिकारी 28 सितंबर, सोमवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे। इसके कारण बैंकों का कामकाज पूर्णतः ठप रहेगा। हड़ताली बैंककर्मी सुबह 10 बजे पंजाब नेशनल बैंक की इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स शाखा, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, होशंगाबाद रोड के सामने एकत्रित होंगे। इसके बाद प्रेस कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में रैली निकाली जाएगी। रैली पंजाब नेशनल बैंक की इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स शाखा से शुरू होकर पुनः इसी शाखा के सामने पहुंचेगी, जहां सभा में परिवर्तित होगी।


## मुख्यमंत्री ने डॉ. नीलिमा सत्यम को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईआईटी इंदौर में सिविल इंजीनियरिंग विभाग की डॉ. नीलिमा सत्यम को प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मान 'अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन अवार्ड' मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने उत्कृष्ट शोध एवं योगदान से प्रो. सत्यम ने शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई है। अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन अवार्ड पृथ्वी और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, अभूतपूर्व शोध, नवाचार और विज्ञान संचार के लिए दिया जाने वाले विश्व का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है।

## मुख्यमंत्री ने स्व. सिंघल की जयंती पर किया नमन

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. अशोक सिंघल की जयंती पर नमन किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि श्री सिंघल ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के साथ भारत के गौरवशाली सांस्कृतिक इतिहास की पुनर्स्थापना और सनातन धर्म के लिए संकल्पित भाव से परिष्कृत उनका जीवन प्रेरणा देता रहेगा।

# रैबीज मुक्त भोपाल के लिए स्कूली छात्रा की 'स्ट्रीट स्क्वाड' पहल



**नप्र, भोपाल :** विश्व रैबीज दिवस से एक दिन पहले अरेरा क्लब में जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसका आयोजन बिलाबॉन्ग हाई इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा आश्वी पारिख ने अपनी 'स्ट्रीट स्क्वाड कैंपेन' के तहत किया।

अभियान तीन प्रमुख स्तंभों— जागरूकता, डॉग्स डेटाबेस और एक्शन पर केंद्रित है। इसके तहत सामुदायिक जागरूकता, डॉग्स का व्यवस्थित डेटा तैयार करने तथा एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) और एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन (एआरवी) जैसी पहलों को बढ़ावा देना शामिल है। आश्वी ने बताया कि स्कूलों, कॉलेजों, कार्यालयों और अन्य संस्थानों में मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए जाएंगे। डॉग्स की जानकारी दर्ज करने के लिए डिजिटल और फिजिकल डेटाबेस बनाए जाएंगे। इसके साथ ही निवासियों को स्टेरिलाइजेशन और वैक्सीनेशन के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा।

सत्र में शिक्षकों, पशु चिकित्सकों, पत्रकारों, पशु-कल्याण कार्यकर्ताओं और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। सभी का साझा उद्देश्य भोपाल को अधिक सुरक्षित और स्वस्थ बनाना तथा मानव-डॉग संघर्ष को कम करना रहा।

## राजा राममोहन राय की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान समाज सुधारक और ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राममोहन राय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि राजा राममोहन राय ने समाज को सती प्रथा, बालिका अशिक्षा जैसे बंधनों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने ज्ञान एवं समानता के अधिकार को देश के विकास का आधार बनाया और स्त्री शिक्षा को प्रोत्साहन देकर देश को नई दिशा दी।

## ब्यावरा में वाराणसी से वडनगर सेवा यात्रा का स्वागत

**नप्र, भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से वडनगर तक निकाली जा रही सेवा यात्रा का ब्यावरा पहुंचने पर स्वागत किया गया। यात्रा भोपाल बायपास स्थित अखंड परमधाम आश्रम से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए गुना नाका पर भारत माता की आरती के साथ संपन्न हुई। मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संदेश लेकर यात्री ब्यावरा पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से प्रारंभ हुआ सेवा संकल्प अभियान समाज में सेवा, समर्पण और जनभागीदारी की भावना को मजबूत कर रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बिना छुट्टी लिए लगातार 25 वर्षों से राष्ट्रसेवा में जुटे हैं। उनकी कार्यशैली, नेतृत्व और जनसेवा के लिए विश्वभर में चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है।

# पत्नी से विवाद और बेटी से नहीं मिल पाने से तनाव में युवक ने खाया जहर, मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के हबीबगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने के बाद रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद और बेटी से नहीं मिल पाने के कारण युवक के तनाव में होने की बात सामने आई है।

मृतक की पहचान 12 नंबर मल्टी निवासी 25 वर्षीय सावन पचौरी के रूप में हुई है। वह प्लास्टिक इंजीनियरिंग का काम करता था। परिजनों के मुताबिक, सावन ने करीब तीन साल पहले प्रेम विवाह किया था। बेटी के जन्म के बाद से उसकी पत्नी करीब दो साल से अलग रह रही थी। दोनों के बीच पारिवारिक विवाद भी चल रहा था।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि 22 सितंबर को सावन की बेटी का दूसरा जन्मदिन था। बेटी का जन्मदिन साथ मनाने के लिए उसने पत्नी से घर आने का आग्रह किया था। सावन चाहता था कि पत्नी



कम से कम एक दिन के लिए घर आए और बेटी का जन्मदिन मनाकर वापस चली जाए। हालांकि पत्नी घर नहीं आई। इसके बाद सावन बेटी से मिलने का प्रयास कर रहा था। परिजनों के अनुसार, घटना से करीब दो दिन पहले भी वह बेटी से नहीं मिल सका था। इसी बात को लेकर वह मानसिक रूप से परेशान था।

**अस्पताल में इलाज के दौरान मौत :** शुक्रवार शाम घर पर सावन ने चूहामार दवा पी ली। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह उल्टियां करने लगा। सावन को उल्टियां करते देख परिजन उसे तत्काल हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने भर्ती कर इलाज शुरू किया। हालत गंभीर होने के कारण रविवार को उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर रही है। पत्नी से अलग रहने और पारिवारिक विवाद समेत घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। मौत के वास्तविक कारणों और परिस्थितियों का पता जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा।

## दीपावली पर काम बंद आंदोलन की चेतावनी छह बिजली कंपनियों को नोटिस

**नप्र, भोपाल :** मध्य प्रदेश की 6 बिजली कंपनियों में कार्यरत करीब 45 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों ने दीपावली पर्व पर 7 और 8 नवंबर को काम बंद आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में मप्र बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव और विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के उपाध्यक्ष नरेंद्र भदौरिया ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सहित सभी बिजली कंपनियों को औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 22(1) के तहत नोटिस दिया है। संगठन का कहना है कि बिजली आउटसोर्स कर्मचारी लंबे समय से वेतन और अन्य सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों के अनुसार पिछले 20 वर्षों से दीपावली और अन्य राष्ट्रीय पर्वों पर अवकाश के पात्र होने के बावजूद उन्होंने बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए कार्य किया, लेकिन अतिरिक्त पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया गया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में ठेका प्रथा समाप्त कर सीधे बिजली कंपनियों से वेतन भुगतान, आउटसोर्स कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित करना, न्यूनतम वेतन लागू करना, जोखिम भत्ता, रात्रि भत्ता, चिकित्सा अवकाश, बोनस में एकरूपता और विद्युत दुर्घटनाओं में मृत कर्मचारियों के परिजनों को सहायता देना शामिल है। संगठन ने मांग की है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को बेहतर सुरक्षा सुविधाएं, बीमा, सेवा पुस्तिका और नियमित वेतन पर्ची उपलब्ध कराई जाए।

**एनसीसी संचालनालय (राज्य कोष्ठ) म0प्र0**
**बिल्डिंग न. पी-77, एस.आई लाइन्स, लालघाटी, भोपाल (दूरभाष 0755-2926566)**

संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर (राज्य कोष्ठ) मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा मेनपॉवर आउटसोर्स सर्विस हेतु जेम पोर्टल पर निविदा क्रमांक GEM/2026/B/781006 आयोजित की गई है। इच्छुक संस्थायें जैम की शर्तों के अनुसार उक्त निविदा में सम्मिलित हो सकते है।

**संयुक्त संचालक (राज्य)**
**संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर म.प्र.**
G-19160/26

# भोपाल फैशन रनवे में संस्कृति और नारी शक्ति का संगम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सर्वमंगला द्वारा आयोजित भोपाल फैशन रनवे में फैशन, महिला सशक्तिकरण और भारतीय संस्कृति का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की आयोजक फैशन डिजाइनर एवं विकल्पयति डिजाइनर स्टूडियो की संस्थापक प्रो. विशाखा श्रीवास्तव थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मिसेज इंडिया एवं नेशनल डायरेक्टर रंजिता आशिष, डॉ. गणेश, कोरियोग्राफर अंकित नागपाल और डॉ. विशाखा श्रीवास्तव के टॉक वॉक से हुआ। इसके बाद प्रोफेशनल महिलाओं का रैंप वॉक और महापौर मालती राय द्वारा औपचारिक उद्घाटन किया गया।

भोपाल फैशन रनवे में मध्यप्रदेश गौरव सम्मान एवं नारी सम्मान से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महापौर मालती राय ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे बुद्धिजीवी एवं प्रोफेशनल महिलाओं को फैशन से जोड़ने और भारतीय संस्कृति को नए अंदाज में प्रस्तुत करने वाली पहल बताया।

फैशन डिजाइनर डॉ. विशाखा श्रीवास्तव ने अपने अजरख एवं मॉडल फैब्रिक



आधारित इंडो-वेस्टर्न कलेक्शन को प्रस्तुत किया। इसमें पारंपरिक अजरख को समकालीन सिल्हूट और आधुनिक स्टाइलिंग के साथ जोड़ा गया। पैंट-शर्ट पर साड़ी की इनोवेटिव ड्रेपिंग के माध्यम से भारतीय साड़ी को आधुनिक और सहज अंदाज में प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा डॉ. गणेश का ब्लिस ऑफ नेचुरल श्रग्स, नेचुरल डाई कलेक्शन, प्रीति-विवेक का डेनिम कलेक्शन तथा एटीडीसी के विद्यार्थियों का कलेक्शन भी प्रस्तुत किया गया। मिस्टर 2022 रनर अप क्रमिक यादव विशेष आकर्षण रहे, जबकि अंकित नागपाल ने प्रतिभागियों को ग्रूमिंग और रनवे वॉक की बारीकियां सिखाईं। कार्यक्रम में हरिओम जाटिया, डॉ. आरके चौरसिया, मनीषा आनंद, प्रिया तिवारी एवं मिसेज एशिया वीना कुर्रे उपस्थित रहे।

**मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग**
**(अधीक्षण शाखा)**
**मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल**
**दूरभाष क्र0-0755-2512077, 2512076**

क्रमांक एफ 2/2/14/0001/2024/12-1/2343 — भोपाल, दिनांक 24/09/2026

**// ई-निविदा सूचना //**

मध्यप्रदेश राज्य मंत्रालय अंतर्गत वल्लभ भवन क्रमांक 1, 2 एवं 3 मे माननीय मंत्रीगणो / अधिकारियों के कक्षों में स्थापित कुशन कुर्सियो, लिफ्ट एवं सोफासेट तथा कारपेट की ड्रायक्लिनिंग कार्य करने हेतु ऑनलाईन ई-निविदा ई-प्रोक्योरमेंट प्रोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस | रूपये 1000/- प्रोसेसिंग शुल्क |
| 2 | निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभतिथि व समय | दिनांक 30/09/2026 समय अपरान्ह 12 :00 बजे से |
| 3 | निविदा फार्म ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 23/10/2026 समय अपरान्ह 12 :00 बजे तक |
| 4 | निर्धारित अवधि में प्राप्त ऑनलाईन निविदाओं को खोलने की तिथि एवं समय | 1. टेक्निकल बिड- दिनांक 28/10/2026 समय अपरान्ह 12 :00 बजे<br>2. फायनेंशियल बिड-दिनांक 28/10/2026 समय अपरान्ह 12 :30 बजे |
| 5 | प्राप्त निविदाएं खोले जाने का स्थान | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक- 116 (समिति कक्ष) |
| 6 | निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक- 116 (समिति कक्ष) |

ई-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न किया जाकर वेबसाईट पर ही जारी किये जायेगे। निविदा की विस्तृत शर्ते एवं जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

**(मनोज श्रीवास्तव)**
**अवर सचिव (अधीक्षण)**
**मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग**
G-19159/26